RNI Title-Code :- RAJBIL27027
www.nagaurdaily.com
Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 237 | नागौर, 31 अगस्त, 2022 (बुधवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

# रूस-यूक्रेन युद्धः 22 हजार भारतीय छात्रों को निकाला गया था, ऐसा कभी न हुआ है न होगा : राजनाथ सिंह



उदयपुर।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- भारत अब कमजोर नहीं रहा है। भारत अब दुनिया का ताकतवर देश बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहने पर रूस-यूक्रेन का युद्ध कुछ घंटे के लिए रोक दिया गया था। हमने 22 हजार से ज्यादा भारतीय स्टूडेंट्स को बाहर निकाला था।

पीएम ने इसके लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात की थी। ऐसा कभी न हुआ है न होगा। रक्षामंत्री मंगलवार को उदयपुर में पन्नाधाय पार्क और मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा- भारत ने आज तक किसी भी देश पर न आक्रमण किया है, न किसी जगह पर कब्जा किया है। देश की ओर आंख उठाकर किसी ने बुरी नजरों से देखने की कोशिश की तो उसका मुंह-तोड़ जवाब दिया। इस सरकार पर यकीन रखना कि देश का स्वाभिमान हम कभी झुकने नहीं देंगे। हम सिर्फ भारत में रहने वाले लोगों की चिंता नहीं करते हैं। हम दूसरे देशों में भी जो भारत के लोग हैं उनकी भी चिंता करते हैं। राजनाथ ने सेना को लेकर कहा- पहले जवानों के हाथों में जो बंदूक, मिसाइल हुआ करती थी वो दूसरे देशों के मुकाबले हल्की थी। अब हम बंदूक, राइफल, गोले, बारूद कुछ समय बाद दुनिया के देशों से नहीं खरीदेंगे। अब देश में ही बनेंगे। हम 13000 करोड़ का हथियार बेचते हैं। 8 साल पहले यह आंकड़ा सिर्फ 900 करोड़ था। साल 2047 आते-आते यह 2.75 लाख करोड़ का होगा।

उन्होंने कहा- अमृतकाल 2047 में खत्म हो रहा है। अब 25 साल का समय लगेगा। 2047 आते-आते भारत विश्वगुरु बनेगा। राजनाथ सिंह ने लोगों से कहा कि पन्नाधाय का जो खून था वहीं खून आपके शरीर में है। बस याद करने की जरूरत है। याद कर लेंगे तो कोई माई का लाल आंख उठाकर नहीं देखेगा।

## पन्नाधाय ने कुमाता कहलाए जाने की चिंता भी नहीं की

राजस्थान की तारीफ करते हुए कहा कि राजस्थान हिंदुस्तान नहीं दुनिया की ऐसी धरती है जहां वीरांगनाओं की हड्डी से धूल बनी है। शौर्य और पराक्रम की इतनी गाथाएं हैं, जिनकी कमी नहीं है। राजनाथ ने इस दौरान पन्नाधाय और हाड़ी रानी के बलिदान को याद किया। पन्नाधाय को याद करते हुए कहा- मैं समाज में कुमाता कहलाई जाऊंगी, इसकी भी चिंता पन्नाधाय ने नहीं की। क्योंकि उनके सामने एक ही लक्ष्य था कि मेवाड़ साम्राज्य सुरक्षित रहना चाहिए। कुमाता होने के कलंक को बर्दाश्त करने की हिम्मत की। राजनाथ ने विश्नोई समाज की महिलाओं को भी याद किया।

## राजपूत वोट साधने की जुगत में बीजेपी

राजनाथ सिंह का कार्यक्रम कराकर बीजेपी उदयपुर सहित मेवाड़ में राजपूत और गुर्जर वोट को साधने की तैयारी में है। पन्नाधाय की मूर्ति बनाकर जहां गुर्जर समाज को एकजुट करने की तैयारी लगती है। वहीं, दूसरी ओर महाराणा प्रताप पर दिए बयान से लगातार राजपूतों का विरोध झेल रहे गुलाबचंद कटारिया का राजनाथ सिंह को बुलाकर इस विरोध को कम करने का प्रयास माना जा रहा है।

# यूपीए के 32 विधायक रांची से रायपुर एयरलिफ्ट

## इंडिगो की फ्लाइट से भेजे गए सभी; 2 दिन के लिए बुक कराया गया रिसॉर्ट

रांची।

झारखंड में सियासी संकट के बीच यूपीए के विधायकों को एयरलिफ्ट किया गया है। कांग्रेस-जेएमएम और राजद के 32 विधायक रांची से रायपुर के लिए एयरलिफ्ट हो चुके हैं। सीएम हाउस से 2 बस में सवार होकर सभी रांची एयरपोर्ट पहुंचे थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद बस में विधायकों के साथ दिखाई दिए। यहां से सभी इंडिगो की फ्लाइट से रायपुर के लिए निकल गए। वहां दो दिनों के लिए रिसॉर्ट में बुकिंग की गई है। विधायकों को रायपुर भेजकर सीएम अपने आवास के लिए निकल गए। इस दौरान हेमंत सोरेन ने मीडिया से कोई बात नहीं की। बता दें कि दो दिन के सियासी शांति के बाद आज दोपहर साढ़े 12 बजे से यूपीए के विधायक और मंत्री सामान के साथ सीएम हाउस पहुंचने लगे। तकरीबन 3 बजे विधायकों का सामान लेकर सीएम हाउस से तीन गाड़ियां निकली। इस दौरान सीएम हाउस से एयरपोर्ट तक हलचल तेज रही। रांची एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम दिखे। बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गई थी।

उधर रायपुर एयरपोर्ट पर भी विधायकों के पहुंचने को लेकर तैयारियां की गई हैं। एयरपोर्ट पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। बैरिकेडिंग की गई है। विधायकों को एयरपोर्ट से बसों के जरिए



नवा रायपुर के मेफेयर रिसॉर्ट ले जाया जाएगा। शाम साढ़े 5 बजे तक विधायकों के रायपुर पहुंचने की खबर है। बताया जा रहा है कि रिसॉर्ट में 30-31 अगस्त की बुकिंग की गई है।

### 32 विधायक रायपुर शिफ्ट

झारखंड में सियासी संकट के बीच यूपीए के 32 विधायकों को एयरलिफ्ट किया जा रहा है। इनमें कांग्रेस से 12, JMM के19 और राजद के 1 विधायक शामिल हैं। इसके अलावा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और संतोष पांडे रायपुर जा रहे हैं.

इधर, बीजेपी विधायक दल-बदल मामले में बाबूलाल मरांडी पर विधानसभा में सुनवाई पूरी हो गई है। किसी भी वक्त उनपर फैसला आ सकता है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री सोरेन पर फैसले के बाद ही इसपर कुछ फैसला आ सकता है।

### दल-बदल मामले में बाबूलाल मरांडी पर सुनवाई पूरी

दल-बदल मामले में मरांडी पर सुनवाई पूरी हो गई है। इसपर किसी भी वक्त भी फैसला आ सकता है। दरअसल बाबूलाल मरांडी पर झाविमो (झारखंड विकास मोर्चा) के सिंबल पर विधानसभा चुनाव 2019 में निर्वाचित होने के बाद भाजपा में शामिल हो गए। मरांडी ने कहा कि उन्होंने झाविमो का विलय भाजपा में नियमानुसार किया है। तीन विधायकों में से दो को निष्कासित करने के बाद पार्टी में बचे एक मात्र विधायक ने पार्टी का विलय करने का निर्णय किया। यह दल-बदल का मामला नहीं बनता है। झाविमो में भाजपा के विलय को निर्वाचन आयोग की मंजूरी भी मिल चुकी है।इससे पहले सीएम हाउस पहुंचे हेल्थ मिनिस्टर बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है। भाजपा काला अध्याय लिखने का काम कर रही है। बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं है। हम बहुत मजबूत हैं और एकजुट हैं।

## कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ने पर बोले थरूर : लोग अनुमान लगाने के लिए स्वतंत्र, मैंने कोई घोषणा नहीं की

**नई दिल्ली.**कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव होने जा रहा है। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस को नया अध्यक्ष आने वाले कुछ दिनों में मिल सकता है। इस बात की चर्चा जोरों पर है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर भी पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इसी को लेकर शशि थरूर से एक बार फिर से सवाल पूछा गया। शशि थरूर ने साफ तौर पर कहा है कि लोग जैसा चाहे अनुमान लगाने के लिए स्वतंत्र है। मैंने अपने लेख में सिर्फ इतना लिखा है कि चुनाव पार्टी के लिए अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि मैंने कोई घोषणा नहीं की है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि लोग सोचने के लिए स्वतंत्र हैं। चुनाव हमारी पार्टी के लिए अच्छा है।

हमारे लोकतांत्रिक देश में पार्टियों में लोकतंत्र भी होना चाहिए। मैं इसका स्वागत करता हूं। शशि थरूर ने आगे कहा कि मैं इस तथ्य का स्वागत करता हूं कि कांग्रेस पार्टी ने चुनाव की घोषणा की है और इसे खुले तौर पर, स्वतंत्र रूप से और निष्पक्ष रूप से आयोजित करने जा रही है। प्रक्रिया कुछ सप्ताह दूर है। कुछ समय प्रतीक्षा करें और देखें कि यह कैसे विकसित होता है। राज्य की राजनीति में उतरने की अपनी योजना पर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि सभी विकल्प खुले हैं। मैं एक लोकसभा सांसद हूं। राजनीति में मेरा ध्यान अब तक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रहा है।

# गुजरात दंगों से जुड़े 9 में से 8 केस बंद सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इतना वक्त बीतने के बाद इन पर सुनवाई का कोई मतलब नहीं

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े 9 में से 8 केस बंद करने का आदेश दिया है। इन सभी मामलों से जुड़ी कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित थीं। सीजेआई जस्टिस यूयू ललित की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने मंगलवार को कहा कि इतना समय गुजरने के बाद इन मामलों पर सुनवाई करने का कोई मतलब नहीं है। वहीं, एक अन्य मामले में कोर्ट ने एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ को राहत के लिए अपील करने की इजाजत दे दी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुजरात दंगों से जुड़े 9 में से 8 केस में निचली अदालतें फैसला सुना चुकी हैं। इनमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग यानी ह।त्र्ष्ट की याचिका शामिल है, जिसमें दंगों के दौरान हुई हिंसा की जांच मांग की गई थी। कोर्ट ने दंगा पीड़ितों और सिटीजंस फॉर जस्टिस नाम के एनजीओ की रिट याचिका पर भी विचार किया। एनजीओ ने 203-2004 में दाखिल याचिका में दंगों की जांच गुजरात पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंपने की मांग की थी।

### 9 में से 8 केस का ट्रायल पूरा, एक की सुनवाई जारी

सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस यूयू ललित की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने यह फैसला सुनाया। बेंच में जस्टिस रवींद्र भट और जस्टिस जेबी पारदीवाला शामिल हैं। बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही गुजरात दंगों से जुड़े 9 केस की जांच के लिए एसआईटी गठित कर चुका है।

इनमें से 8 केस का ट्रायल पूरा हो चुका है।



नारोदा गांव से जुड़े मामले की सुनवाई अभी जारी है। बेंच ने कहा, पीड़ित परिवारों के वकील अपर्णा भट, ऐजाज मकबूल और अमित शर्मा भी एसआईटी के बयान पर सहमति जता चुके हैं। ऐसे में सारे मामलों का कोई मतलब नहीं रह गया है। इसलिए अदालत यह मानती है कि इन याचिकाओं पर आगे विचार करने की जरूरत नहीं है। एसआईटी के वकील मुकुल रोहतगी ने कोर्ट को बताया कि 9 मामलों में से केवल नारोदा गांव इलाके में हुई हिंसा का मामला ही लंबित है और उसमें भी अंतिम दलीलें ही बाकी हैं। बाकी 8 मामलों में सुनवाई पूरी हो चुकी है और वे हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में अपीलेट स्टेज में हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि कानून के मुताबिक नारोदा गांव केस का ट्रायल जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट की बनाई एसआईटी इस केस में कानून के अनुसार जरूरी कदम उठा सकती है।

# सेक्स कॉल सेंटर का भंडाफोड़ बड़ी रकम वसूलता था मालिक, 17 महिलाएं छुड़ाई गईं

नई दिल्ली

मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक सेक्स कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। इस कॉल सेंटर से फोन और वीडियो कॉल किए जाते थे। पुलिस ने 17 महिलाओं को मुक्त करवाया है जिनमें कुछ कॉलेज की लड़कियां भी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि इस कॉल सेंटर में फोन का चार्ज 270 रुपये से 10 हजार रुपये तक था। अब पुलिस सेक्सटॉर्शन के ऐंगल से भी जांच कर रही है। कॉल सेंटर के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक इस कॉल सेंटर में महिलाओं से ऑनलाइन देह व्यापार करवाया जाता था। फोन कॉल और वीडियो कॉल के जरिए यह काम करवाया जाता था। इसके मालिक ने एक ऐप्लिकेशन बनवाया था जिसके जरिए ग्राहकों को जोड़ा जाता था। कॉल सेंटर में काम करने वाली कुछ महिलाएं अभी पढ़ाई कर रही थीं। इसके अलावा कुछ महिलाएं गरीब थीं जो कि पैसे के लिए यहां काम करती थीं। आरोपी पैसे का लालच देकर महिलाओं को फंसाते थे और फिर उनसे इस तरह का काम करवाते थे। बता दें कि इसी महीने के शुरुआत में मुंबई पुलिस ने एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया था और 17 महिलाओं को मुक्त करवाया था। पुलिस ने 9 दलालों को भी गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी के मुताबिक मुंबई पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने 5 अगस्त को यह कार्रवाई की थी। अधिकारी ने बताया कि एक महिला ने राजू और साहिल नाम के शख्स के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। ये मानव तस्करी के रैकेट में शामिल थे।

## हिंदुओं को कुछ राज्यों में अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग पर 6 सप्ताह में जवाब दे केंद्रः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली

हिंदुओं को ऐसे राज्यों में अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से 6 सप्ताह में राय मांगी है, जहां उनकी आबादी कम है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह इस मामले में अपना फाइनल स्टैंड 6 सप्ताह के भीतर दे। इसके साथ ही अदालत ने अगली सुनवाई 19 अक्टूबर को करने का फैसला लिया है। अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार को राय देनी चाहिए कि ऐसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में हिंदुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाए या नहीं, जहां उनकी संख्या दूसरे समुदायों के मुकाबले कम है। इससे पहले केंद्र सरकार ने अदालत में कहा कि उसे इस पर राय देने के लिए कुछ और समय चाहिए। इससे पहले सोमवार को केंद्र सरकार ने अदालत से इस मामले में जवाब देने के लिए कुछ मोहलत मांगी थी। देश के 10 केंद्र शासित प्रदेशों एवं राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक हैं। इसी को आधार बनाते हुए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी गई है कि जहां हिंदुओं की आबादी कम है, वहां उन्हें अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाए।

# किश्तवाड़ में वाहन के खाई में गिरने से आठ लोगों की मौत, तीन की हालत गंभीर

किश्तवाड़/जम्मू।

जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में एक एसयूवी के सड़क से फिसलकर एक गहरी खाई में गिरने से कम से कम आठ लोगों की मंगलवार को मौत हो गई और तीन अन्य जख्मी हो गए। अधिकारियों ने को बताया कि 'स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल' (एसयूवी) चिंगाम से सवारियों को ले कर चतरू जा रहा था तभी दोपहर करीब सवा तीन बजे बोंडा गांव के पास यह वाहन हादसे का शिकार हो गया। उन्होंने बताया कि पहाड़ी सड़क से एसयूवी के खाई में गिरने के बाद पुलिस, राष्ट्रीय राइफल्स एवं स्थानीय निवासियों के बचाव दल फौरन हरकत में आए। अधिकारियों के मुताबिक, पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी और तीन अन्य ने अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ा। उन्होंने बताया कि तीन अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि किश्तवाड़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शफकत भट मौके पर पहुंच गए हैं.

# पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी जरूरी : गहलोत

जयपुर।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन आज की प्राथमिक जरूरत है। उन्होंने इसके लिए हर स्तर पर भागीदारी निभाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया इस बारे में चिन्तित है। गहलोत ने कहा कि इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों और पर्यावरण चेतना में भागीदारी का संदेश नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को जोधपुर में पद्मकैलाश सांखला स्मृति वन में वन विभाग की ओर से आयोजित 73वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर पौधारोपण किया और स्मृति वन में 5 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले बोटेनिकल गार्डन एवं 2 करोड़ रूपए की लागत से स्थापित होने वाली लव-कुश वाटिका का शिलान्यास किया।

गहलोत ने कहा कि इन विकास कार्यों से प्रकृति की गोद में स्थित कैलाश सांखला स्मृति वन देश-दुनिया में अपनी अनूठी पहचान कायम करेगा। पर्यटकों का आकर्षण बढ़ेगा और जोधपुर के लिए नवीन पर्यटन स्थल विकसित होगा। उन्होंने कहा कि इसके विकास में जनभागीदारी से विभिन्न संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं आदि के माध्यम से व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्मृति वन में पौधों के संरक्षण के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की बेरी गंगा से संबंधित समस्याओं का हल वन विभाग ने कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टाईगर मैन पद्मकैलाश सांखला बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे।

उन्होंने बचपन में साथ बिताए क्षणों की यादें ताजा की। गहलोत ने कहा कि प्रदेश में वन संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में वन विभाग द्वारा संतोषजनक कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण रक्षा के क्षेत्र में मारवाड़ की अहम भूमिका रही है।उन्होंने कहा कि खेजड़ली में वृक्षों की रक्षा के लिए दिया गया बलिदान देश-दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक असाधारण एवं ऐतिहासिक घटना थी। गहलोत ने सड़कों के रख-रखाव के लिए स्थानीय निकायों को विशेष अनुदान का आश्वासन भी दिया। इसके साथ ही फीडबैक के आधार पर सभी प्रकार के विकास कार्य कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईटी क्षेत्र के माध्यम से युवाओं को सुनहरा भविष्य प्रदान करने के लिए जोधपुर में फिनटेक यूनिवर्सिटी की स्थापना की जा रही है। गहलोत ने कहा कि चिकित्सा, शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न योजनाएं संचालित हैं और अब राजस्थान को मॉडल स्टेट माना जाता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वन विभाग की ओर से लगाई गई वृहद् प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प उत्पादों, वनौषधियों, वनोपज, हर्बल उत्पादों आदि का अवलोकन किया।

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री हेमाराम चौधरी ने राजस्थान में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन तथा वन विभागीय गतिविधियों में उल्लेखनीय तरक्की के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया और कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप वन विभाग बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही हुई अच्छी बारिश से विभागीय गतिविधियों को सम्बल मिला है और विभाग द्वारा वृक्षारोपण गतिविधियां युद्धस्तर पर चलाई जा रही हैं।



## सम्पादकीय



# बढ़ता तनाव

ताइवान को लेकर चीन और अमेरिका के बीच जैसा तनाव इन दिनों देखने को मिल रहा है, वह चिंताजनक है। लग रहा है जैसे दोनों देश युद्ध की ठाने बैठे हैं। ऐसा इसलिए कि ताइवान को लेकर चीन पीछे हटने वाला है नहीं और अमेरिका किसी भी कीमत पर ताइवान को चीन के हाथ में नहीं देना चाहता। जाहिर है, यह टकराव चलता रहेगा और इस बात का खतरा भी बढ़ता रहेगा कि कहीं यह इलाका भी जंग का वैसा केंद्र बन न बन जाए जैसा कि आज यूक्रेन बना हुआ है। हालांकि ताइवान को लेकर चीन और अमेरिका पहले से भिड़ते रहे हैं, पर इस बार स्थिति कहीं ज्यादा गंभीर नजर आ रही है। गौरतलब है कि ताइवान जलडमरूमध्य में चीनी सेना की गतिविधियां अचानक बढ़ गई हैं। चीन के करीब दो दर्जन लड़ाकू विमान और जंगी बेड़े ताइवान के करीब युद्धाभ्यास कर रहे हैं। इसके जवाब में अमेरिका के भी दो बेड़े ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरे और इलाके में अपनी मौजूदगी का संदेश दे दिया। अमेरिका के इस कदम से चीन का भड़कना लाजिमी है।

वैसे इस महीने के शुरू में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी अचानक ताइवान के दौरे के बाद से ही चीन और अमेरिका के बीच तलवारें खिंचने लगी थीं। पेलोसी का यह दौरा जिस तनावपूर्ण स्थिति में हुआ था, वह दोनों देशों के बीच बढ़ते टकराव को रेखांकित करने वाला था। पहली बार ऐसा हुआ था जब चीन की गंभीर नतीजों की धमकियों को नजरअंदाज कर किसी अमेरिकी नेता ने ताइवान का दौरा कर उसे अपना समर्थन दिया। इस दौरे की गंभीरता का अंदाजा इसी से लग जाता है कि पेलोसी का विमान दो दर्जन अमेरिकी लड़ाकू विमानों के घेरे में ताइवान पहुंचा था। यानी अमेरिका ने चीन को साफ-साफ संदेश दे दिया कि वह उसके सामने झुकने वाला नहीं। उधर चीन के लड़ाकू विमानों ने भी पैलोसी के दौरे के बाद ताइवान के वायु क्षेत्र में उड़ान भर कर अपनी धमक दिखाई। तब से ही दोनों देश ताइवान के नाम पर जिस तरह से आमने-सामने हैं, उससे दुनिया का चिंतित होना स्वाभाविक है।

चीन की विस्तारवादी नीति अमेरिका और भारत सहित दुनिया के कई देशों के लिए बड़ी सुरक्षा चुनौती बन गई है। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। चीन इस इलाके में अपना दबदबा बनाने के लिए सारे हथकंडे अपनाता रहा है। जबकि अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान और भारत सहित कई देश इस बात से घबराए हुए हैं कि अगर समुद्री जलमार्गों को भी चीन हथियाने लग गया तो दुनिया में एक नए तरह का संघर्ष छिड़ते देर नहीं लगेगी। इसीलिए हाल में अमेरिका ने अपने दो जंगी बेड़ों को हिंद प्रशांत क्षेत्र में भेजा। इसमें कोई संदेह नहीं कि चीन दुनिया के प्रमुख जलमार्गों पर कब्जे की रणनीति बना रहा है और उसी पर चल भी रहा है। इसीलिए हाल में भारत ने भी पहली बार सख्त रुख दिखाते हुए ताइवान के इर्दगिर्द चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों को ताइवान जलडमरूमध्य का सैन्यीकरण करार दिया है। गौरतलब है कि हाल में भारत के कड़े विरोध के बावजूद चीन ने श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर अपना जासूसी जहाज युआंग वांग-5 तैनात किए रखा था। इसका मकसद भारत की जासूसी के अलावा कुछ था भी नहीं। सैन्य ताकत के बल पर दूसरों के इलाकों में घुसपैठ कर दबदबा बनाने और विवाद खड़े करने की चीन की नीति हर जगह साफ दिख रही है। चाहे वह भारत के पूर्वी लद्दाख के गतिरोध सहित सीमा विवाद हो या फिर ताइवान का मसला, इससे तो वैश्विक अशांति और बढ़ेगी ही।

# क्रांति की संभावनाएं जगाता नैनो उर्वरक

**मोदी सरकार का सर्वाधिक बल फसल विविधीकरण पर है, ताकि फसल चक्र का पालन हो और खेती की लागत में कमी आए। इसके लिए मोटे अनाजों, दलहनी-तिलहनी फसलों के समर्थन मूल्य में भरपूर बढ़ोतरी करते हुए उनकी सरकारी खरीद को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं अब प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार जैव उर्वरक, जैव कीटनाशक, जैविक खाद, वर्मी कंपोस्ट के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है। रासायनिक उर्वरकों-कीटनाशकों के अविवेकपूर्ण उपयोग से मिट्टी-जल-वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ इनके आयात पर भारी-भरकम विदेशी मुद्रा खर्च हो रही है। बढ़ती बीमारियों और पड़ोसी देशों को यूरिया की तस्करी आदि को देखते हुए मोदी सरकार ने 2015 में यूरिया नीति घोषित की, जिसमें घरेलू उत्पादन बढ़ाने, यूरिया उत्पादन में ऊर्जा बचत को बढ़ावा देने और बंद पड़े उर्वरक संयंत्रों को नए सिरे शुरू करने पर फोकस किया गया। यूरिया नीति के सकारात्मक परिणाम आने शुरू हो गए हैं। 2025 तक रामागुंडम, गोरखपुर, सिंदरी, बरौनी आदि के उर्वरक संयंत्रों के अलावा अन्य स्थानों पर नए संयंत्र भी पूरी क्षमता से उत्पादन शुरू कर देंगे।**



देश में जितना ध्यान खाद्यान्न उत्पादन पर दिया गया, उतना ध्यान खेती की लागत घटाने और उपज के भंडारण-विपणन पर नहीं दिया गया। यही कारण है कि खेती-किसानी समय के साथ कदमताल नहीं कर पाई और घाटे का सौदा बन गई। इस घाटे की भरपाई के लिए सरकारों ने जो उपाय किए, वे सभी तात्कालिक राहत प्रदान करने वाले थे जैसे कृषि ऋणों की माफी। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने खेती को फायदे का सौदा बनाने के लिए दूरगामी उपाय करने शुरू किए। इनमें प्रमुख हैं-नीम कोटेड यूरिया, आपरेशन ग्रीन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मंडियों का आधुनिकीकरण एवं ई-नाम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और जैविक खेती को प्रोत्साहन। इससे 2025 तक भारत यूरिया के मामले में आत्मनिर्भर बन जाएगा। उल्लेखनीय है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति के बाधित होने और चीन एवं अन्य देशों द्वारा निर्यात में कटौती के कारण इस साल देश में यूरिया की उपलब्धता प्रभावित हुई है, जिससे यूरिया की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। यही कारण है कि चालू वित्त वर्ष में उर्वरक सब्सिडी के 2.5 लाख करोड़ रुपये पार कर जाने का अनुमान है, जो गत वित्त वर्ष के 1.62 लाख करोड़ रुपये की तुलना में बहुत अधिक है। यूरिया के मामले में आत्मनिर्भरता दिलाने में नैनो यूरिया की अहम भूमिका है। यह नैनो कणों से निर्मित यूरिया का एक प्रकार है, जिसमें पौधों को पोषक तत्व प्रदान करने वाला तरल नाइट्रोजन होता है। नैनो यूरिया की आधा लीटर की एक बोतल में नाइट्रोजन के लगभग 40,000 कण होते हैं, जो एक बोरी यूरिया (50 किग्रा) के बराबर होता है। नैनो यूरिया के उपयोग से उर्वरक लागत में कमी एवं अधिक उपज मिलने के साथ-साथ प्रदूषण में भी कमी आती है। इसके इस्तेमाल से अन्य उर्वरकों की उपयोगिता क्षमता एवं उपज क्षमता में बढ़ोतरी के साथ फसल गुणवत्ता में सुधार देखा गया है। जहां पारंपरिक उर्वरकों के मामले में पौधों की पोषण खपत केवल 25 से 30 प्रतिशत होती है, वहीं नैनो उर्वरकों में यह बढ़कर 90 प्रतिशत हो जाता है। इससे न केवल फसल उत्पादन में सुधार होता है, बल्कि रासायनिक उर्वरकों के अधिक इस्तेमाल से होने वाले प्रदूषण में कमी आती है। नैनो यूरिया का आर्थिक पहलू भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। 50 किलोग्राम परंपरागत यूरिया की बोरी की कीमत 2,600 रुपये है और सब्सिडी के बाद यह 266 रुपये प्रति बोरी की दर से किसानों को दी जा रही है। जबकि एक बोतल नैनो तरल यूरिया का मूल्य 240 रुपये है। स्पष्ट है नैनो यूरिया के इस्तेमाल से खेती की लागत में भी कमी आएगी। नैनो यूरिया का उत्पादन गुजरात के कलोल स्थित इफ्को के संयंत्र में अगस्त 2021 से हो रहा है। अब इफ्को के अन्य संयंत्रों में भी उत्पादन की प्रक्रिया चल रही है। नए संयंत्रों के शुरू होने के बाद इसकी उत्पादन क्षमता वर्तमान में पांच करोड़ बोतल (500 मिलीलीटर) से बढ़कर 44 करोड़ बोतल हो जाएगी। नैनो यूरिया के इस्तेमाल से किसानों की आमदनी में प्रति एकड़ 4,000 रुपये की वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि अभी एक पूरी रैक की मालगाड़ी में यूरिया की 52,000 बोरियां आती हैं, लेकिन नैनो यूरिया की 52,000 बोतलें सिर्फ एक ट्रक में आ जाएंगी। नैनो यूरिया को बढ़ावा देने से पारंपरिक यूरिया के परिवहन लागत में कमी आएगी। इसके लिए बड़े-बड़े गोदामों की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।

नैनो यूरिया के बाद अब नैनो डाइ अमोनियम फास्फेट (डीएपी) का भी उत्पादन होने वाला है। डीएपी दूसरा सबसे अधिक आयात किया जाने वाले रासायनिक उर्वरक है। देश के आठ संयंत्रों में नैनो डीएपी का परीक्षण चल रहा है और जल्दी ही इनमें उत्पादन शुरू हो जाएगा। इसके बाद डीएपी की कीमत आधी रह जाएगी। इस प्रकार रासायनिक उर्वरकों के आयात से मुक्ति मिल जाएगी और आने वाले समय में भारत इन उर्वरकों का निर्यात भी करने लगेगा। नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के 20 साल का पेटेंट हासिल करने के बाद इफ्को नैनो जिंक और नैनो कापर विकसित करने की तैयारी में जुटा है। कुल मिलाकर मोदी सरकार एक ओर प्राकृतिक खेती और नई तकनीक के जरिये खेती की लागत कम कर रही है तो दूसरी ओर उपज की खरीद-बिक्री का व्यवस्थित नेटवर्क भी बना रही है। इससे किसानों का मुनाफा बढ़ रहा है और खेती-किसानी की बदहाली में कमी आ रही है।

## खेल समाचार

# भारत से मिली हार के बाद पाकिस्तान ले सकता है बड़ा फैसला, टूट सकती है बाबर-रिजवान की जोड़ी

नई दिल्ली।



एशिया कप के महा मुकाबले में भारत और पाकिस्तान की टीम आमने-सामने थी। रविवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया। पाकिस्तान की बल्लेबाजी पूरी तरह से फ्लॉप रही जिसका नतीजा यह रहा कि पाकिस्तान की टीम 147 रन का स्कोर खड़ा कर सकी। पाकिस्तान का मध्यक्रम तो पहले ही कमजोर माना जा रहा था। पाकिस्तान टीम की पूरी जिम्मेदारी मोहम्मद रिजवान और कप्तान बाबर आजम पर थी। लेकिन दोनों बल्लेबाज फ्लॉप हुए। इसके बाद माना जा रहा है कि ओपनिंग में दोनों बल्लेबाजों की जोड़ी टूट सकती हैं। हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व मुख्य कोच मिकी आर्थर का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि बाबर आजम और रिजवान की ओपन जोड़ी को अलग करना चाहिए। इसके लिए उन्होंने अपनी दलील भी दी है। उन्होंने कहा है कि फखर ज़मान को सलामी बल्लेबाजी की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। फखर जमान अलग तरह की बल्लेबाजी करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों ही बल्लेबाजों को अलग करने के बाद पाकिस्तान का मध्यक्रम मजबूत हो सकता है। पहले इन्हीं बल्लेबाजों की बदौलत पाकिस्तान की टीम कम से कम 160 रन जरूर बनाती थी। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। जिस का सबसे बड़ा कारण यही रहा कि मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम पूरी तरह फ्लॉप रहे। दबाव के हालात में हार्दिक पंड्या के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारत ने एशिया कप में अपने पहले मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया था। हार्दिक ने पहले गेंदबाजी में अपनी उपयोगिता साबित करते हुए चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट लिये जिसके दम पर भारत ने पाकिस्तान को 19.5 ओवर में 147 रन पर समेट दिया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 गेंद में नाबाद 33 रन बनाये और रविंद्र जडेजा (29 गेंद में 35 रन) के साथ 52 रन की साझेदारी करके भारत को जीत दिलाई।

# इंग्लैंड दौरे से पहले मंधाना ने कहा कॉमनवेल्थ गेम्स के प्रदर्शन को जारी रखने का करेंगे प्रयास

नई दिल्ली।



भारतीय महिला टीम सितंबर में इंग्लैंड का दौरा करेगी। टीम इस दौरे पर 3 वनडे मैचों के अलावा 3 टी20 मैच भी खेलेगी। कॉमनवेल्थ गेम्स में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम का हौसला बुलंद है और टीम उस प्रदर्शन को इंग्लैंड के खिलाफ भी जारी रखना चाहेगी। 3 मैचों की वनडे सीरीज आइसीसी चैंपियनशिप के तहत खेली जाएगी। इस सीरीज को लेकर एक एड आई है जो स्मृति मंधाना और पंकज त्रिपाठी पर फिल्माया गया है। पंकज ज्योतिषी के रोल में हैं और अगले सीरीज में उनकी बल्लेबाजी को लेकर भविष्यवाणी कर रहे हैं। आपको बता दें कि यह सीरीज आप सोनी नेटवर्क पर देख सकते हैं जबकि इसकी लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव पर देखी जा सकती है। इस दौरे को लेकर लांच किए एड के मौके पर भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कहा कि वर्ष 2022 महिला क्रिकेट टीम के लिए अच्छा रहा है, और हम इंग्लैंड के आगामी भारत दौरे के साथ इस सिलसिले को जारी रखने की उम्मीद कर रहे हैं। हम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने के बाद उत्साहित हैं, हम आगामी सीरीज में भी अपनी सफलता को दोहराने की कोशिश करेंगे। इस सीरीज में भारत की तरफ से स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, हरमनप्रीत कौर, स्नेह राणा और झूलन गोस्वामी जैसी स्टार खिलाड़ी दिखेंगी।

# ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका, स्टार ऑलराउंडर मार्श टखने की चोट के चलते हुआ बाहर

नई दिल्ली।

ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर मिशेल मार्श टखने की चोट के चलते जिम्बाब्वे के खिलाफ जारी वनडे सीरीज के साथ न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

टीम का साथ छोड़ मार्श अब पर्थ के लिए उड़ान भरेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि सितंबर में भारत के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज में वह वापसी कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया को 21 सितंबर से भारत दौरे पर तीन टी20 मैच खेलने हैं। अगर मार्श इस सीरीज तक फिट नहीं होते हैं तो आगामी टी20 वर्ल्ड कप में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें बढ़ जाएगी। स्मिथ ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा मार्श ने हाल ही में लिमिटेड ओवर क्रिकेट में काफी अच्छा खेल दिखाया है। जिस तरह से हमने थोक ऑलराउंडरों के साथ अपनी टीम बनाई, वह उसका एक बड़ा हिस्सा था। यह मिच के लिए निराशाजनक है लेकिन कुछ महत्वपूर्ण चीजें सामने आ रही हैं। वह पिछले साल हमारे टी20 विश्व कप अभियान का बड़ा हिस्सा था और मुझे यकीन है कि इस साल उसके लिए बड़ी योजनाएं हैं। प्राथमिकता उसे उसके लिए सही करना है।

इंगलिस लंदन स्पिरिट का हिस्सा हैं, जो द हंड्रेड 2022 के फाइनल में जगह बनाने के लिए होड़ में हैं। वह ग्लेन मैक्सवेल के स्थान पर स्पिरिट में शामिल हुए थे और राष्ट्रीय टीम में बुलाए जाने से पहले उन्होंने इस टूर्नामेंट में एक ही मैच खेला था।







## आज का राशिफल

### मेष

आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाजी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है।

### वृषभ

आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। इनकम में भी वृद्धि हो सकती है। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी।

### मिथुन

आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी। गलत कामों से दूरी बनाए रखें।

### कर्क

नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा। अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे।

### सिंह

आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

### कन्या

आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

### तुला

नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है। मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुंटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है।

### वृश्चिक

आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। शारीरिक थकान और मानसिक तनाव अधिक रहेगा। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।

### धनु

शारीरिक-मानसिक भय रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद होगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आ सकती है। नींद नहीं आने से परेशान रहेंगे। धन और कीर्ति की हानि होगी।

### मकर

रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है।

### कुंभ

आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी। मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी।

### मीन

आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

# केंद्रीय मंत्री चौधरी के आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी डेगाना आगमन पर डेगाना के भाजपा मण्डल अध्यक्ष एवं पद अधिकारियों ने स्वागत किया है। इस अवसर पर डेगाना अध्यक्ष महेश दिवाकर कृपा शंकर, रजनी कंवर, भंवरसिंह, बिरदीचन्द तोषनीवाल, अमित चौधरी मोहनसिंह, मुनेस सियाग, मनीष बिजारणियां, नेमीचन्द कटारिया आदि मौजूद थे। इसी प्रकार भारतीय विकास परिषद के डॉ. के.आर चौधरी, डॉ. एस. एन. महेश्वरी, भानु टाक सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**रेल सेवा समिति ने मंत्री को दिया ज्ञापन**-रेल सेवा समिति डेगाना ने भी केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी को डेगाना में रेल संबंधी समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया इस अवसर पर रेल्वे विकास समूह के असफाक खान, चाँद मोहम्मद जोया,कृपा शंकर,माणक तोषनीवाल सहित ने मिलकर ज्ञापन दिया।

# घर में घुसकर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** समीपस्थ मारोठ थाने में दर्ज नाबालिग के साथ छेड़छाड़ मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटों के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी के निर्देशानुसार एवं गणेशाराम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामनसिटी तथा संजीव कटेवा वृत्ताधिकारी कुचामन के निकटतम सुपरविजन में खेताराम थानाधिकारी मारोठ के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पोक्सो एक्ट के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर नामजद आरोपी सोहन लाल पुत्र गुमानराम जाति मेघवाल उम्र 28 साल निवासी रेवासा पुलिस थाना मारोठ को गिरफ्तार कर लिया।

## चार्जर लेने के बहाने आया आरोपी, मुंह दबाकर नीचे पटक दिया

गौरतलब है कि 28 अगस्त को नाबालिग पीड़िता अपनी ताई के साथ मारोठ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी कि 25 अगस्त को करीबन 1.30 बजे वह अपने घर पर आई तथा कपड़े चेंज कर रही थी तभी अचानक सोहनलाल पुत्र गुमानाराम मेरे घर पर चार्जर लेने के बहाने आया तथा मेरे कमरे में घुसकर मेरा मुंह दबाकर मुझे नीचे पटक दिया तथा मेरे साथ जबर्दस्ती की। मेरे चिल्लाने पर मेरे बड़े पापा व अन्य व्यक्ति मुझे छुड़ाने के लिए आये, तब वह तुरन्त ही भाग निकला। पुलिस टीम में शामिल मारोठ थानाधिकारी खेताराम, कांस्टेबल हरीश कुमावत व महिला कांस्टेबल श्रीमती ममता महिला ने आरोपी को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# जिला परिषद सदस्य मेघवाल ने कांग्रेस पार्टी से दिया इस्तीफा

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नम्बर 17 के जिला परिषद सदस्य सुरेन्द्र मेघवाल ने मंगलवार को जिला परिषद सदस्यता से त्यागपत्र नागौर जिला प्रमुख को सौंपकर इस्तीफा दिया। जिला परिषद सदस्य सुरेन्द्र मेघवाल ने कांग्रेस पार्टी से भी इस्तीफा कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नागौर जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत व डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा को त्यागपत्र भेज दिया। जिला परिषद सदस्य सुरेन्द्र मेघवाल ने कहा कि डेगाना क्षेत्र के वार्ड नम्बर 17 से जिला परिषद सदस्य के लिए कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ा था। उसके बाद क्षेत्र की जनता ने मेरे को जिला परिषद सदस्य के लिए चुना। फिर भी पिछले कई महीनों से जिला परिषद क्षेत्र के सार्वजनिक कार्य नही हो रहे थे। मेरे क्षेत्र के सार्वजनिक कार्य करवाये जाने के लिए शासन-प्रशासन व जिला प्रमुख को अवगत करवाये जाने के बावजूद भी कार्य नही हो पा रहे थे। जिससे नाराज होकर जिला परिषद सदस्य से त्यागपत्र दिया गया। जिला परिषद सदस्य सुरेन्द्र मेघवाल ने बताया कि राज्य में कांग्रेस सरकार होने के बाद भी कांग्रेस पार्टी से चुने हुए सदस्य के क्षेत्र के सार्वजनिक कार्य नही करवा सकता हुं। तो पार्टी पार्टी में रहने का औचित्य ही क्या है। जिला परिषद सदस्य सुरेन्द्र मेघवाल बोले कि कांग्रेस पार्टी ने मेरे साथ बहुत खिलवाड़ किया है। क्योंकि मेरे क्षेत्र की जनता ने मेरे को कांग्रेस पार्टी से जिला परिषद के सदस्य के रुप में चुनकर भेज दिया था लेकिन अब कांग्रेस के राज में भी हमारे सार्वजनिक ओर निजी कार्य नही करवा सकते है तो ऐसी पार्टी में रहकर ही क्या करेंगे।

# वीडियो ने कार्य बहिष्कार कर किया प्रदर्शन

- सरकार पर वादाखिलाफी का लगाया आरोप
- मांगे पूरी नहीं होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ )।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा रियांबड़ी के बैनरतले पंचायत समिति रियांबड़ी की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारियों ने पंचायत समिति कार्यालय पर मंगलवार को कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया व 3 दिन के अवकाश लेते हुए प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देश अनुसार पंचायत राज्य के समस्त कार्यों का बहिष्कार किया। संघ का कहना है कि यह बहिष्कार विभिन्न मांगों के सरकार द्वारा मंजूर होने तक अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगा।

राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ रियांबड़ी द्वारा ग्राम विकास अधिकारियों ने पंचायत समिति परिसर में धरने पर बैठ कर विरोध प्रदर्शन किया। राज्य सरकार द्वारा लिखित समझौते के बाद भी हठधर्मिता के चलते आजतक मांगे लागू नही की । संघ के जागरूक व झुंझारू ग्राम विकास अधिकारी रामकरण चोटिया व रामलाल चौधरी ने बताया कि 1 अक्टूबर 2021 को मुख्यमंत्री कार्यालय से लिखित समझौता एवं मंत्री द्वारा 30 से 45 दिनों में विभिन्न मांगों के निस्तारण हेतु लिखित समझौता किया गया था, लेकिन 9 महीने बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई, जिससे सभी ग्राम विकास अधिकारियों में भारी रोष व्याप्त है और इसी को लेकर



अनिश्चितकालीन संपूर्ण कार्य बहिष्कार किया गया है।

### ये है मुख्य मांगे-

वीडियो संदीप गोदारा ने बताया कि हमारी सबसे प्रमुख मांगे है सहायक विकास अधिकारी के 106 पदों की कटौती समाप्त कर वापस सर्जित किया जाए, अंतर जिला स्थानांतरण पॉलिसी जारी करना, ग्राम विकास अधिकारी की ग्रेड 3600 की जाए।

### अधिकारियों ने ली शपथ

इस दौरान सभी ग्राम विकास अधिकारियों ने शपथ ली कि ग्राम पंचायतों में वह किसी भी तरीके का कार्य नहीं करेंगे जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती। वहीं उन्होंने एक मटकी रख कर अपनी कलम और डोंगल रखकर शपथ ली और जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी जब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी संदीप गोदारा , रामकरण चोटिया, रामलाल चौधरी, कैलाश मारोठा, सुनीता देवी सहित कई कार्मिक धरने पर बैठकर अपनी मांगों को पुरजोर तरीके से रखते हुए नारेबाज़ी की व राज्य सरकार के प्रति रोष जताया ।

# केंद्र की जनविरोधी नीतियों से बढ़ रही महंगाई - गावड़िया

## विधायक रामनिवास गावड़िया का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

जुगल किशोर

**हरसौर(नागौर डेली न्यूज) :** मंगलवार को परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के एक दिवसीय दौरे पर रहे। आदर्शनगर बाईपास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक गावड़िया ने कहा कि कांग्रेस आसमान छूती महंगाई, बेरोजगारी और मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के लगातार लड़ाई लड़ रही है। एक तरफ देश में करोड़ों युवा बेरोजगार बैठे हैं, दूसरी तरफ केंद्र सरकार के कई विभागों में करीब 10 लाख पद खाली पड़े हैं। लोग बेरोजगारी और महंगाई की दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं। कांग्रेस इस कठिन समय में जनता के साथ खड़ी है।

केंद्र की जनविरोधी नीतियों के कारण गरीब व अमीर के बीच खाई गहरी हो गई है तथा गरीब आदमी के लिए जीवन जीना मुश्किल हो गया है। सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई आज आसमान छू रही है। जाति धर्म के चलते असली मुददे गौण हो चले हैं। आम आदमी की कही सुनवाई नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता पर आए दिन अग्निवीर जैसे नए प्रयोग कर रही है, जिससे जनता की परेशानियां बढ़ रही है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों की पुरानी पेंशन स्कीम लागू किए जाने को बेहतर कदम बताया। राज्य की कांग्रेस सरकार ने जो वादे प्रदेश की जनता के साथ किए थे। उनको पूरा किया है। यही कारण है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। राज्य के 31 लाख किसानों का कर्जा माफ किया गया है तथा सात लाख किसानों एवं 36 लाख घरेलू उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य हो गया हैं। कस्बे में एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद वे वापस रवाना हो गए।

### ये रहे मौजूद-

भींयाराम पेड़ीवाल, जावला सरपंच ओमप्रकाश नैन, झालरा सरपंच रूपाराम डूडी, बरेव सरपंच नंदकिशोर मुंडेल, राबड़ियाद सरपंच शोभाराम बेनीवाल, ओमप्रकाश दायमा, छात्रनेता सुरेश कड़वा, निजी सहायक ओमप्रकाश निठारवाल आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरपंच संघ हड़ताल : मांगे नही मानने तक संघर्ष रहेगा जारी

इलियास खान



**रियांबड़ी ( नागौर डेली न्यूज़ )।** आज प्रदेश में ऐसा लगता है जैसे हडतालियों का सुनामी आ गया है। इस समय यदि आन्दोलनकारियों की बात की जाये तो अधिकारी, कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले सभी अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे शासकीय दफ्तरों में विरानी छाई हुई है वहीं कामकाज ठप्प पड़े हुए हैं। इसी फेहरिस्त में अब सरपंच संघ ने भी अपने 13 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने विगुल फूंक दिया है। कानूनी तरीके से सरपंच संघ ने 29 अगस्त को पंचायत समिति में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा । अपने ज्ञापन में सरपंच संघ ने राज्य सरकार के पूर्व में किए घोषणा के मुताबिक सरपंच को 2 हजार से 4 हजार तथा वार्ड पंचों को सौ रूपए से बढ़ाकर 200 रूपये दिया जा रहा है जो नाकाफी एवं सम्मानजनक नहीं होने के हवाले एवं बढ़ती मंहगाई को देखते हुए सरपंच को 4 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपए तथा पंचों को रुपये 500 से बढ़ाकर 5000 दिए जाने , मनरेगा में कराये गये कार्यों का भूगतान लम्बे समय से लम्बित है उसे तत्काल भूगतान कराया जाने। हितग्राहियों के आवास का बकाया किस्त भूगतान कराये जाने तथा अन्य दूसरे मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा । इसके अलावा 30 अगस्त से हड़ताल पर ऐलान के साथ पेश किया है कि जब तक सरपंच संघ के मांगों को पूरा नहीं किया जाता सरपंच संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे रहेंगे। इस इस दौरान सरपंच संघ रिया बड़ी के अध्यक्ष हरसुख राम ने कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगों पर गौर नहीं करेगी तब तक सरपंच संघ की हड़ताल अनिश्चित काल के लिए जारी रहेगी और किसी भी प्रकार का पंचायत द्वारा कार्य नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर रिया बड़ी सरपंच गिरधारी लाल सैनी , झिंटिया सरपंच व सरपंच संघ अध्यक्ष हरसुखराम ककड़ावा, भंवाल सरपंच मदनराम मेघवाल, जसवंताबाद सरपंच संतोष देवी व प्रतिनिधि राम अवतार बाना , जड़ाऊ कला ग्राम पंचायत सरपंच घेवरी देवी व प्रतिनिधि रामस्वरूप मेघवाल , जाटावास सरपंच बाबुड़ी देवी व प्रतिनिधि उगमाराम सारण , चावंडिया सरपंच भैरो सिंह सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच मौजूद रहे । रियांबड़ी सरपंच संघ द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ जमकर पंचायत समिति परिसर में नारेबाजी की और पुरजोर तरीके से राज्य सरकार के प्रति रोष जताते हुए मांगपत्र सौंपा।

# गोशाला में स्प्रे करवाया, औषधि भी की भेंट

धनेश कुमार

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** निमोद स्तिथ श्रीकृष्ण गौशाला में मंगलवार को आयुर्वेद चिकित्सा प्रभारी डॉ. मदनलाल सैनी ने गौशाला में जाकर गौशाला अध्यक्ष भूराराम कूदना के साथ मिलकर प्रदेश में गायों में फेल रही लम्पी रोग के बारे में विस्तार से चर्चा करके के लम्पी रोग के बचाव हेतु दवा एवं फिटकरी से गायों का स्प्रे करवाया। वहीं लम्पी रोग से पीड़ित गायों के स्प्रे करना उनके लिए दवा जैसे - तुलसी पत्र, पान पत्र, हल्दी, दशमूल क्वाथ, दाललचीनी, मुलेठी, गुड, गिलोय, काली मीर्चा, अजवायन इत्यादि को मिला कर गायों को लड्डू बनाकर खिलाया गया। वहीं गायों के बाहय प्रयोग हेतु निम तेल, महमरिचायदि तेल को नारियल के तेल में मिलाकर लगाना बताया गया।

डॉ. मदन लाल सैनी ने बताया कि गोशाला परिषर में गंदगी नहीं रखे, ताकि गायों को बीमारी नहीं फैले। वहीं गौशाला में सूखे निम के पत्ते का धूप देना बताया। डॉ. मदनलाल सैनी द्वारा यह औषधियां गोशाला में उपलब्ध करवाई गई। इस मौके पर गौशाला अध्यक्ष भूराराम कूदना, आयुर्वेद नर्सिंग किरण कुमारी, बनवारी लाल



कुमावत, गुमानाराम कुमावत, धनेश कुमार, किशनलाल मुंड, मनोज डोगीवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# खेण में हुआ विशाल भजन संध्या का आयोजन

## बाबा के लगाया रोटा का भोग

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** निकटवर्ती खेण गांव में सोमवार को एक शाम बारहपुरी बाबा के नाम का आयोजन किया गया। स्थानीय कलाकार रामनिवास ईनाणिया ने गणपति वंदना मैं थाने सि?वरू गजानन देवा व गुरु वंदना से जागरण की शुरूआत की।

मेहमान कलाकार बन्टी नागौरी ने बारहपुरी आप बड़ा तपधारी रामजी रो राख भरोसो भाई लीलन प्यारी आदि आकर्षक भजनों द्वारा जनता का मन मोह लिया। अयुब सिलारिया शेर आवे माताजी जी लो शेर आवे भजन द्वारा सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। गोविन्द सिंह कविया ने भूलूं न एक घड़ी हो बाबा थाने व कभी राम बनके कभी श्याम बनके भजनों की



प्रस्तुतियां दी। डांसर कमल, पांचाराम ईनाणिया ने डांस द्वारा सबकी वाहवाही लूटी । दिन में सवा ग्यारह बजे असवारी नाडी में हवन का आयोजन किया गया। नाडी में रोटा (चूरमा) बनाकर बाबा के भोग लगाया गया वो सब भक्तों को रोटे के प्रसाद का वितरण किया गया। मन्दिर में एक लाख एक हजार छोटाराम घेवरराम श्रवण राव मातेश्वरी टेन्ट हाउस द्वारा, इक्यावन सौ रूपये रवि टागला द्वारा, इक्कीस सौ रू युवा नेता राजेश ईनाणिया रूपासर द्वारा, ग्यारह सौ रूपये सरपंच ईनाणा रूपाराम रोज द्वारा दिए गए।

# सामूहिक अवकाश पर रहे पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के आह्वान पर डेगाना क्षेत्र के समस्त पशु चिकित्सा सहायक एवं पशुधन सहायक सामूहिक अवकाश पर रहे। संघ ने 11 सूत्री मांगों को लेकर गत चार माह पूर्व कार्यकारिणी की ओर से 29 दिवस का आमरण अनशन किया था। तब राज्य सरकार की ओर से लिखित समझौता हुआ तथा तीन माह में आदेश जारी करने का लिखित आश्वासन दिया था। 7 दिवस गुजर जाने के पश्चात भी किसी प्रकार का आदेश जारी नहीं हुआ। ऐसे में फिर से सभी पशु चिकित्सा कर्मी अवकाश पर चले गए। इस मौके पर ओमप्रकाश गुरु, दुर्गाराम, राजेन्द्र सिंह, हरिराम जाखड़, हरनारायण सोनी, सुरेश जाखड़, नागेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र कारेल, चेनाराम, धनसुख सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** परबतसर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में चार दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इस दौरान तेजस्वी टीम की कॉन्स्टेबल संगीता स्वामी तथा प्रशिक्षक सीमा विश्नोई ने आत्मरक्षा की जानकारी देते हुए आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए। इस दौरान उन्होंने साइबर क्राइम बचाव किक ब्लॉक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बालिका विकट परिस्थिति में किस प्रकार से आत्मरक्षा कर सकती है। इसके बारे में टिप्स दिए गए। साथ ही छात्राओं को महिला सशक्तिकरण तथा अबला नहीं सबला बनकर जीने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य रेखा चौधरी, जसोदा चौधरी, शारदा चौधरी, पांचू राम, शकीला विश्नोई, रंजना वैष्णव, सुमन पुनिया, मंजू राठौर, सर्वेश्वर लखारा, महेश बंजारा, नारायण राम, उर्मिला चौधरी व छात्राएं उपस्थित रही।

# लाडनू में गौसेवकों का हुआ सम्मान



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** स्थानीय युवाओं की गौसेवा में जुटी हुई टीम गोसेवा कर रही है। इस सेवा में दिन रात युवा कार्यकर्ता लगे हुए है। यहां एक नोहरे में लाडनूँ की समस्त लम्पि बीमारी से ग्रस्त गायो को क्वारंटाइन किया गया है ताकि बीमारी फैले नहीं। स्थानीय महिलाओ के ग्रुप रामजीराम के द्वारा सभी युवाओं का मोमेंटो व गौ सेवा हेतु सहायता राशि देकर सम्मान किया तथा उन्हें सेवा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। ग्रुप की अध्यक्षा सुनीता देवी सोनी ने बताया कि लाडनूँ के युवा सेवा के प्रति सदैव आगे रहते है तथा रामजीराम ग्रुप गोसेवा, मानवसेवा तथा धार्मिक कीर्तन सम्बंधित कार्यक्रम करती रहती है। कार्यक्रम में उर्मिला सोनी, किरण सोनी, सरोज वर्मा, सरोज सोनी, अंजू चौहान, पूनम शर्मा, निशा शर्मा, कंचन जांगिड़, पुष्पा पारीक,पिंकी दाधीच, सरिता जड़ीया व लक्ष्मी दाधीच मौजूद रहे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अमित डाँवर, रोहितराज भोजक, सचिन वर्मा, सूर्या जांगिड़, राजेश सोनी, सौरभ भोजक, विष्णु चौहान, विशाल भोजक, रूबल जैन, केशव पारीक, विशाल भार्गव, अरुण पारीक, जयंत, निखिल भोजक सहित अनेको कार्यकर्ता को सम्मानित किया गया।

# पटवार संघ अध्यक्ष मेघवाल का बड़ी खाटू में हुआ स्वागत

पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कस्बे में पटवार संघ उपशाखा जायल के तहसील निर्विरोध अध्यक्ष नियुक्त होने पर ओमप्रकाश मेघवाल का स्वागत किया गया।



# 10 गोल्ड, 9 सिल्वर व 2 ब्रॉउज पदक जीतकर नागौर जिले ने पूरे प्रदेश में किया नाम रोशन



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 29 अगस्त तक चुरू में आयोजित हुई। उसमें नागौर जिले के खिलाड़ियों ने 10 गोल्ड, 09 सिल्वर व 02 ब्रॉउज मेडल प्राप्त कर पूरे राजस्थान में अपना परचम लहराया। नागौर जिला एथलेटिक संघ प्रमुख हरिराम चौधरी ने बताया कि 14 वर्ष आयु वर्ग में गोला फेंक में अफजल खान, ज्योति जांगिड़ ने 60 मीटर दौड़ में, रोहित ने उंची कूद में, अनिता ने उंची कूद में, ज्योति जांगिड़ ने लम्बीकूद में, 16 वर्ष आयुवर्ग में गोला फेंक में सोमवीर, 800 मीटर दौड़ में खुशबु, 18 वर्ष आयु वर्ग में पोलवाल्ट में वसुंधरा खिलेरी, 3000 मीटर में सुशीला प्रजापत, 20 वर्ष आयुवर्ग में लम्बी कुद में पूजा प्रजापत ने गोल्ड प्राप्त किया। 16 वर्ष आयु वर्ग में 600 मीटर दौड़ में अंचल बिरड़ा, 800 मीटर बाधा दौड़ में चूकी बिरड़ा, उंची कुद में पूजा 18 वर्ष आयुवर्ग में पोलवाल्ट में रितू बिरड़ा, भाला फेंक में पूजा, 800 मीटर दौड़ में संतोष ईशरावा, 1500 मीटर में सुशीला प्रजापत, 5 किलोमीटर वॉक में कविता डूडी, 20 वर्ष आयुवर्ग में त्रिकूद में पूजा प्रजापत ने सिलवर मेडल प्राप्त किया। 20 वर्ष आयु वर्ग में 10 किलोमीटर वाक में मीरा कुमारी व राजेन्द्र ईशरावा ने ब्राउज मेडल प्राप्त कर राजस्थान में नागौर जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर एथलेटिक संघ के सभी पदाधिकारियों नें एवं एथलेटिक प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में विजेता सभी खिलाड़ी राष्टीय स्तर पर राजस्थान की तरफ से प्रतिनिधित्व करेंगें।

# पर्यावरण के प्रति किया जागरूक



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय मिठड़ी तहसील लाडनूँ में वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया, जिसमें विद्यालय के समस्त स्टॉफ साथियों व बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें अशोक के पौधे लगा कर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शंकर लाल आलड़िया ने पर्यावरण जागरूक एवं ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए स्टाफ व बच्चों को प्रेरित किया। वरिष्ठ अध्यापक विक्रम सिंह ने भी अपना उद्धबोधन में हरित पाठशाला पर चर्चा की। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा ने सभी स्टाफ साथियों व बच्चों का आभार व्यक्त किया व भविष्य में आगे भी पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में ममता चौधरी, महेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, राजेश कुमार, देवी लाल, सही राम, मुकेश कुमार, हरीराम, किसन लाल, सुनीता कुमारी व जगदीश आदि उपस्थित रहे।

# देव भूमि हरिपुरा में लगा विशाल मेला, विधायक चौधरी ने सोशल मीडिया से दिया भक्तों को संदेश



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** समीपस्थ श्री श्री 1008 श्री सिंज्यापुरी महाराज, हरिपुरा धाम के प्रांगण में श्री वीर तेजाजी एवं श्री केशरिया कंवर जी मन्दिर में सोमवार को विशाल तेजा गायन नृत्य एवं भंडारा का आयोजन बड़े धूम धाम से हुआ। सुरेन्द्र कसवां हरिपुरा ने बताया कि इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ हुई और कार्यक्रम का आनन्द लिया और साथ ही बताया कि श्री सिंज्यापुरी बाबा मंडली के सभी कार्यकर्ता व समस्त भक्तजनों ने कार्यक्रम की व्यवस्था बनाने में मदद की। कसवां ने जानकारी देते हुए कहा कि अभी हाल ही में विधायक के प्रयास से मंदिर परिसर के पास 10 लाख रुपए सीसी ब्लॉक कार्य हेतु स्वीकृत करवाए और महेन्द्र चौधरी उप मुख्य सचेतक राज सरकार ने सोशल मीडिया के माध्यम से सभी भक्तजनों को संदेश दिया कि हरिपुरा के विकास के लिए सदैव तत्पर था और आगे भी रहूंगा। किसी आवश्यक कार्य के कारण प्रभार जिले सिरोही दौरे पर जाने के कारण उपस्थित नही हो सका। इसी के साथ सभी ग्राम वासियों और भक्तजनों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

# परबतसर में रजिस्ट्री बाबू आठ हजार रुपए रिश्वत लेते ट्रेप

## एसीबी को देख भाग छूटा था आरोपी

## सीकर एसीबी टीम ने की कार्रवाई

जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** सीकर एसीबी की टीम ने मंगलवार को परबतसर में कार्रवाई कर तहसील का सूचना सहायक एवं रजिस्ट्री बाबू देवेन्द्र को आठ हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों ट्रेप कर लिया है। आरोपी ने रिश्वत की राशि बडले वाले बालाजी मंदिर के पास ली।

राशि लेते ही आरोपी को एसीबी के मौजूद होने की भनक लग गई और आरोपी रजिस्ट्री बाबू मौके से भाग छूटा, जिसे एसीबी टीम ने पीछा कर पकड़ लिया। एसीबी डीएसपी जाकिर अख्तर की अगुवाई में कार्रवाई जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी ने प्लाट रजिस्ट्री की जल्द रजिस्ट्री करने की एवज में 10 हजार रुपए मांगे थे। तब 8 में सौदा तय हुआ था। मंगलवार को यह राशि लेते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया गया।



# हाई वोल्टेज करंट के प्रवाह से युवक की मौत



अबूबकर बल्खी

## पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** स्थानीय खादी भंडार के सामने वार्ड संख्या 38 में मंगलवार सुबह अपने घर मे विद्युत प्लग में पिन डालते समय हाई वोल्टेज करंट का प्रवाह होने से करंट के चपेट में आये युवक की मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों की मदद से युवक को लाडनूँ की राजकीय अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद रमजान पुत्र अब्दुल गनी सिलावट निवासी वार्ड संख्या 38 अपने घर के प्लग ने विद्युत उपकरण चालू करने के लिए पिन लगा रहा था इस दौरान प्लग से हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित होने से उसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। राजकीय चिकित्सालय में चिकित्सको ने रमजान को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद अस्पताल पहुँची पुलिस की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। गौरतलब रहे कि मृतक अपने परिवार का एक मात्र कमाने वाला था। बीपीएल परिवार में मृतक की पत्नी व 5 संताने है ।

# राजकीय चिकित्साल्य के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिल गुप्ता हुए सेवानिवृत

## 62 वर्ष तक गौरवमय राजकीय सेवा के चलते डॉ. अखिल गुप्ता ने जीता सबका दिल

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिल गुप्ता के सेवानिवृत कार्यक्रम मंगलवार को अग्रवाल भवन में आयोजित किया गया। इसमें डॉ. अखिल गुप्ता ने राजकीय सेवा में 62 वर्ष पूर्ण कर 35 वर्ष की गौरवमय राजकीय सेवा में अपनी सेवाये देकर सेवानिवृत हुवे।

डॉ. गुप्ता मेड़ता में जुलाई 1999 से मेड़ता चिकित्सालय में 22 वर्ष से अपनी अद्धभुत सेवाये देकर मेड़ता से सेवानिवृत हुए। इस मौके पर मेड़ता पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा, गाँधी दर्शन जिला सयोजक जगदिश नारायण शर्मा, जनता प्रधान संदीप चौधरी, महावीर प्रसाद मित्तल, नंदकुमार अग्रवाल, नवरतन मल सिंघवी, डॉ अल्पना गुप्ता, वीरेंद्र वर्मा, पुखराज टाक, मेड़ता बीसीएमओ डॉ सुशील कुमार दीवाकर, मेड़ता चिकित्सा प्रभारी डॉ एस के आत्रे, विठ्ठल प्रसाद बंग, सुभाष चोपड़ा, सज्जन राज मेहता,डॉ सर्वेश प्रधान, डॉ राकेश अग्रवाल, राजू सोनी, रामकुवार टेलर, संजय गोयल, मुकेश बिन्दल,महावीर मेहता, जुगल किशोर अग्रवाल, कैलाश बिन्दल, पार्षद कैलाश कनन्दोई, राजकुमार मोदी, रमजान खान, पूसादास वैष्णव, रवि कमेडिया, महेन्द्र भाकर सहित कई गणमान्य नागरिक व चिकित्सक व स्टाफ द्वारा माला, साफा व स्मृति चिन्ह देकर अभिन्दन किया गया।



# लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने नेत्रदान के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े में लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट द्वारा नेत्रदान के प्रति चलाई जा रही मुहिम के तहत एटम क्लासेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत, संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, सहसचिव लॉयन रचित नंदवाना, नरेश कुमावत ने एटम क्लासेज पहुंचकर वहां के निदेशक श्रीराम स्वामी के सानिध्य में विद्यार्थियों को नेत्रदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान लॉयन राम काबरा ने विद्यार्थियों से कहा आपको जानकारी देने का उद्देश्य है कि आप इसे अपने आस पास के लोगों को भी बताकर उन्हें नेत्रदान के लिए प्रेरित कर राष्ट्रीय कार्यक्रम के सहयोगी बनेगे क्योंकि लोगों को सही जानकारी नहीं मिलने की वजह से नेत्रदान के प्रति कई तरह की भ्रांतिया है जिसे दूर करने के लिए ही राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा हर वर्ष मनाया जाता है। क्लब की मुहिम से प्रेरित होकर श्रीराम स्वामी एवं विद्यार्थियों ने मृत्यु उपरांत नेत्रदान करने के लिए संकल्प पत्र भरे तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का विश्वास दिलाया। लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 72वीं सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2 से

अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 72वीं सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता (पुरुष/महिला वर्ग) का आयोजन 2 सितम्बर से 5 सितंबर तक डीडवाना में होने जा रहा है। प्रतियोगिता सचिव मोहम्मद नईम खत्री ने बताया कि भामाशाह, समाज सेवी, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी स्व. बृज मोहन शास्त्री व स्व. कैलाश सिंह राठौड़ की स्मृति में नागौर जिला बास्केटबॉल संघ इस प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। खत्री ने बताया कि दोनों वर्गों में राजस्थान प्रदेश की करीब पचपन टीमें इसमें भाग लेंगी। हमने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए अलग-अलग कमेटियां बना दी है वे सब अपना काम बेहतर तरीके से कर रही है। प्रवक्ता अबरार अली बेरी ने बताया कि ओलम्पिक संघ राजस्थान व राजस्थान बास्केटबॉल संघ के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट अजीत सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में हम प्रतियोगिता बेहतरीन तरीके से करवाएंगे। हमने महिला टीमों के आवास हेतु जांगिड़ भवन, गॉड भवन और आनन्द भवन के साथ-साथ अग्रवाल भवन, पसारी गेस्ट हाउस आदि में व्यवस्थाएं की है। बेरी ने बताया कि नागौर ज़िला टीम का प्रशिक्षण शकीला परिहार खान, अंतराष्ट्रीय रैफरी हासम खान एवं भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राष्ट्रीय खिलाड़ी मुकेश राठौड़ की देख रेख में चल रहा है। हम बेहतर आयोजन के साथ साथ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है। सफल आयोजन के लिए नरपत सिंह राठौड़, गोविंद गुर्जर, सुरेश मारोठिया, महेंद्र पँवार, अमजद एच पठान, देवेश त्रिपाठी, गुलाब कच्छावा आदि युद्ध स्तर पर व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने में जुटे हुए है।



# वयोवृद्ध खिलाड़ियों के सम्मान के साक्षी बने युवा खिलाड़ी





अबरार अली बेरी

## • फिट डीडवाना में दौड़े सैंकड़ों बच्चे
## • खेल दिवस पर आयोजित हुवा श्रधांजलि कार्यक्रम

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** जीवन सीखने का नाम है, हमारे बुजुर्ग हमारी वो थाती है जिसे देख कर हम अपना जीवन सुधार सकते है इन्होंने अपने जमाने मे संघर्ष की जो मिशाल कायम की है वो हमारी प्रेरणा स्त्रोत है। राजकीय बांगड़ महा विद्यालय खेल प्रांगण पर खेल दिवस पर आयोजित वरिष्ठ खिलाड़ी सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए राजस्थान ओलम्पिक एंव राजस्थान बास्केटबॉल संघ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अजीत सिंह राठौड़ ने अपने संबोधन में कही। राठौड़ ने कहा कि भारत खेल के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है कुछ अपवादों को छोड़ दे तो आज भी हमारी सानी कोई नही बशर्ते हम अपनी परम्पराओं का पालन ढंग से करते रहे । सम्मानित वयोवृद्ध खिलाड़ी रहे हाजी सलीम खान पठान ने कहा कि 1960 से 70 का जो दशक था वो बास्केटबॉल के जन्म काल के रूप में जाना जाता है साथी खिलाड़ी रघुनाथ दास मोट, भँवर लाल वर्मा, आनंद कुमार त्रिपाठी जैसे लोगों ने अपने कंधों पर तेलोंलाई तालाब से मिट्टी ला लाकर इस मैदान का सींचा है। आज संसाधनों की कोई कमी नही आपके लिए घर से लेकर खेल संघों तक ने सुविधाएं अपार कर रखी है बस जरूरत है तो आपके आत्म विश्वास की जो आपको एक श्रेष्ठ खिलाड़ी बना सकता है । महावीर ओझा ने कहा कि पचास साल पहले जब इस मैदान पर हम खेलते थे तब एक सपना देखा करते थे कि इस मैदान से खेले खिलाड़ी कभी देश के लिए स्वर्ण लाएंगे और आज जब भारतीय टीम में डीडवाना के लाल ने अपना हुनर दिखाया तो सीना गर्व से फूल गया ।

### इनका किया सम्मान

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के जन्म उत्सव के अवसर ओर आयोजित खेल दिवस पर नागौर जिला बास्केटबॉल संघ और श्रीकांत क्लब ने सयुंक्त रूप से नगर के सभी खेलों से जुड़े बीस व्यिवृद्ध खिलाड़ियों हॉकी से एडवोकेट खांगा राम खिलेरी, फुटबॉल से सैय्यद सब्बीर अली, घनश्याम दास, मास्टर अब्दुल मजीद, पन्ना लाल सांखला, मास्टर हनुमान कच्छावा, बास्केटबॉल से भँवर लाल वर्मा, सुरेश वर्मा, हाजी सलीम खान पठान, रघुनाथ दास मोट, रघुनाथ स्वामी, ओम प्रकाश मोट, रमाकांत सारस्वत, महावीर ओझा, आनंद कुमार त्रिपाठी का भावभीना स्वागत किया गया।

### दौड़ते हुए पहुंचे स्वागत स्थल तक

इस अवसर पर फिट डीडवाना, रन डीडवाना का आयोजन किया गया जिसमें एनडीबीए, मिल्खा एकेडमी, पूजा स्पोर्ट्स एकेडमी, मारवाड़ स्पोर्ट्स एकेडमी, श्रीकांत क्लब, नागौर ज़िला फुटबॉल संघ, नागौर जिला हैंडबॉल संघ व राजस्थान पुलिस के जवानों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सर्किल से रॉयल मार्केट, नागौरी गेट, नगर पालिका होते हुए राजकीय बांगड़ महा विद्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेच्यू तक दौड़ लगाई । वृत निरीक्षक राजेश डुडी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना करने के साथ ही स्वयं भी जवानों के करीब 3 किलो मीटर की इस दौड़ में खिलाड़ियों के साथ दौड़े ।

### यह रहे उपस्थित

**वयोवृद्ध खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में क्लब अध्यक्ष नरपत सिंह राठौड़, हासम खान पठान, डॉ सोहन चौधरी, डॉ बजरंग सिंह राठौड़, एडवोकेट मुस्ताख़ खान छापरी, अबरार अली बेरी, शकीला परिहार खान, गुमान सिंह, मोहम्मद नईम खत्री, अशोक शर्मा, अमजद एच पठान, देवेश त्रिपाठी, सुरेश मारोठिया, गुलाब कच्छावा, शंकर सैनी, महेंद्र पँवार, गोविंद गुर्जर, विवेक रंजन सिंह, अनंत शर्मा, कृष्ण मोहन शास्त्री, मन मोहन शास्त्री, मान सिंह, पीयूष द्विवेदी, मुकेश राठौड़, एडवोकेट वीपी सिंह, राम चन्द्र तापड़िया, अनिल राजहंस, रमेश खत्ति, राजकुमार दाधीच, हनुमत सिंह सहित करीब 500 खिलाड़ी, पूर्व खिलाड़ी, खेल संघों से जुड़े लोग, स्पोर्ट्स एकेडमी व आर्मी एकेडमी के जवानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई । इस अवसर पर मेजर ध्यान चंद के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए ।**

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com